(6) मूल्यांकन कक्षों के कार्य संचालन और अचल संपत्तियों का मूल्यांकन संबंधी तीसरा प्रतिवेदन (9वीं लोक सभा)

(7) वातानुकूलन संयंत्र के चालू न किए जाने के कारण पूंजी के अवरुद्ध होने संबंधी 5वां प्रतिवेदन (9वीं लोक सभा)

REPORT OF THE STANDING COMMITTEE ON FINANCE

श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी (उत्तर प्रदेश) : महोदया, मैं सरकारी क्षेत्र के बैंकों के कार्यकरण के संबंध में वित्त संबंधी स्थायी समिति (1993-94) के चौथे प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में समिति के नौवें प्रतिवेदन की एक प्रति (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूं ।

REPORT OF THE STANDING COMMITTEE ON PETROLEUM AND CHEMICALS

SHRI E. BALANANDAN: (Kerala) Madam I lay on the Table a copy (in English and Hindi) of the Eighth Report of the Standing Committee on Petroleum and Chemicals on action taken by Government on recommendations contained in the Third Report of the Committee (Tenth Lok Sabha) relating to Production, Import, R & D, Promotion and Marketing of Fertilizers.

THE PRIVATE SECURITY GUARDS AND AGENCIES (REGULATION) BILL, 1994

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN): Madam, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the regulation of private security guards and agencies.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI S. B. CHAVAN; Madam, I introduce the Bill.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Jaipal Reddy, I have your name.

लेकिन जयपाल जी के पहले दिनेशभाई त्रिवदी जी का नाम है । I have a written list before me.

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार) : जयपाल जी को बोलने दीजिए ।

उपसभापति : जिनका नाम है, वह बोलेंगे । त्रिवेदी जी पहले बहुत नाराज हो गए थे । वह बहुत खफा हो गए थे ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : जयपाल जी के पहले के नाम तो आपने बताए, जयपाल जी के बाद भी नाम होंगे ?

उपसभापति : बाद के नाम बाद में आएंगे और पहले के पहले । अब घोड़े के आगे गाड़ी तो नहीं रखी जाएगी ।

विपक्ष के नेता (श्री सिकन्दर बख्त) : मैं कहां पाया जाता हूं ?

उपसभापति : आप जयपाल जी के बाद पाए जाते हैं । बोलिए, त्रिवदी जी ।